15

कलीसिया जो अतीत में जी रही थी

(3:1-6)

हाल ही में, मैंने एक मैगज़ीन देखा, जो तीस साल पहले मैंने रखा था। यद्यपि इसके शब्द दशकों पुराने हैं, परन्तु उनसे मेरे जीवन के नाज़ुक समय की यादें ताज़ा हो गईं: मेरी पत्नी जोअ और मुझे समझ नहीं आ रहा था कि परमेश्वर ऑस्ट्रेलिया में हमारे मिशनरी बनकर जाने में राजी है या नहीं। हमें बताया गया था कि हमारी नवजन्मी बेटी एंजी के बाद हमारा कोई बच्चा नहीं होगा। मेरी पहली दो किताबें छप चुकी थीं, और मैं भविष्य में लिखने की सेवकाई की सम्भावना पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने लगा था। मैगज़ीन पढ़कर, मैं उन बातों को याद करने से रुक नहीं पाया कि मेरी आशाएं और स्वप्न कैसे पूरे हुए या टूटे।

इसी प्रकार, आसिया की सात कलीसियाओं के नाम पत्रों की समीक्षा करते हुए, हम उनकी सफलताओं तथा असफलताओं को ध्यान में रखते हुए अपने जीवनों की समीक्षा करने के लिए विवश हो जाते हैं। इन पत्रों पर समय की धूल नहीं पड़ी, यानी वे ऐसे सजीव दर्पण हैं, जिनमें हमारे अपने मन दिखाई देते हैं।

हमारा यह अध्ययन पांचवें पत्र अर्थात सरदीस नामक किसी समय के नामी शहर की कलीसिया के नाम पत्र पर है।[1] यह कलीसिया उन दो कलीसियाओं से अलग लगती है, जिनके बारे में कुछ अच्छा नहीं कहा गया-कम से कम पूरी मण्डली के रूप में[2] तौ भी इस में कुछ विश्वासी लोग थे, जो अभी भी वह करने की कोशिश कर रहे थे, जो सही है (3:4)। अपने पाठ के दौरान, हम इन विशेष लोगों पर प्रकाश बिन्दु रखेंगे।

एक घमण्डी ज़िला (3:1क)

पत्र का आरम्भ होता है, ''और सरदीस की कलीसिया[3] के दूत को यह लिख'' (आयत 1क)।

सात कलीसियाओं के अपने अध्ययन में अब तक, हम ने देखा है कि मण्डलियां आम तौर पर उन समाजों से प्रभावित होती थीं, जिनमें वे थीं। कलीसिया को समाज को प्रभावित करना चाहिए (मत्ती 5:13-16), परन्तु ज्यादातर इसके उल्ट होता है। इसका एक अच्छा

उदाहरण सरदीस की मण्डली है। हम उस नगर के तीन गुणों पर विचार करना चाहते हैं, जो कलीसिया में दिखाई देते थे:

(1) *सरदीस का इतिहास पिछली महिमा वाला था*। यह आसिया के सबसे पुराने नगरों में से एक था और सबसे बड़े नगरों में माना जाता था। 560 ई.पू. में, क्रोसस के अधीन,[4] यह प्राचीन राज्य की राजधानी बन गया था। मूल नगर त्मोलुस पर्वत पर बना था। पहाड़ के नीचे सोने की रेत वाली नदी थी, जिसने क्रोसस को समृद्ध कर दिया था।[5] क्रोसस ने सबसे पहला आधिकारिक सरकारी सिक्का बनाया; शब्द के आधुनिक अर्थ में, धन का आरम्भ सरदीस में ही हुआ।[6] फारसी शासक कुस्त्रु महान नगर पर कब्जा कर वहां से 60 करोड़ डॉलर (लगभग 24 अरब रुपए) से अधिक के सोने के सिक्के ले गया! समृद्धि का एक और स्त्रोत यह बात थी कि नगर तीन तटीय नगरों और मुख्य मिलाने वाले मार्गों के किनारे बसा था, जिससे यह एक समृद्ध व्यापारिक नगर बन गया था।

(2) *सरदीस का अति आत्मविश्वास का इतिहास था*। मूल नगर त्मोलुस पहाड़ की रिज पर बसा हुआ था, जो इसका प्राकृतिक गढ़ बन गया था। वह रिज, जो चौड़ी और उपजाऊ मैदान के ऊपर 1,500 फुट ऊंची थी, में बिल्कुल सीधी साइडें थीं। नगर तक पहुंचने का मार्ग बहुत ही तंग था, जिससे कुछ ही लोग बाहर से आने वाले को आसानी से रोक सकते थे। यह एक अजेय स्थिति की तरह था।

राजा क्रोसस का मानना था कि उसे आकाशवाणी हुई थी कि वह फारसी राजा कुस्त्रु को हरा सकता है।[7] जब वह नहीं हरा पाया तो वह अपने ''अजेय'' गढ़ में लौट गया। कुस्त्रु ने उस तंग मार्ग पर से जाने के अलावा नगर में कोई दूसरा मार्ग ढूंढ़ने वाले को पुरस्कार देने की घोषणा की। एक फारसी सिपाही सरदीसी सिपाही का टोप पहाड़ से लुढ़ककर नीचे जाते हुए देख रहा था। कुछ देर बाद ही वह सरदीसी आदमी अपना टोप लेने के लिए रिज के नीचे था। फारसी सिपाही ने अनुमान लगाया कि यदि वह सरदीसी ढलान से नीचे आ सकता है, तो फारसी भी ऊपर जा सकते हैं। उसने उस जगह को चिह्नित कर लिया और उसी रात फारसी सिपाहियों के एक छोटे झुंड ने पहाड़ की साइड नाप ली। उन्हें सरदीसियों के अति आत्मविश्वास के कारण बिना पहरे के गढ़ मिला और नगर गिर गया।[8]

(3) *पहली शताब्दी के अन्त तक, सरदीस अतीत की महिमा को याद करके ही जी रहा था*। नगर पर कुस्त्रु के कब्जे के बाद, सरदीसियों को युद्ध के हथियार बनाने की अनुमति नहीं थी। पिता अपने लड़कों को केवल वीणा बजाना, नाचना और व्यापार करना ही सिखा सकते थे। विलियम बार्कले ने सरदीस को ''नाचने वाले, संगीतकार और दुकानदार'' कहा।[9] बाद में, 17 ईस्वी में एक भूकम्प से नगर का विनाश हो गया। इसे फिर बनाया गया परन्तु इसकी पहले वाली स्थिति नहीं बन सकी। प्रकाशितवाक्य 3:1-6 के लिखे जाने के समय, सरदीस अतीत में जी रहा तीसरे दर्जे का नगर था।

जैसा कि हम देखेंगे, सरदीस की कलीसिया में नगर वाले गुण ही थे।

एक सकारात्मक विवरण (3:1ख)

सरदीस की कलीसिया के रोगों का उपचार करने से पहले यीशु ने, अपना परिचय ''जिसके पास परमेश्वर की सात आत्माएं और सात तारे हैं'' (आयत 1ख) के रूप में कराया। पत्रों के विवरणों में यह सबसे अधिक सांत्वना देने वाला है।[10] ''सात आत्माएं'' वाक्यांश का इस्तेमाल पहले 1:4 में मिलता है, जहां इसका पवित्र आत्मा के लिए इस्तेमाल हुआ है।[11] पवित्र आत्मा मसीही लोगों को उनकी सहायता तथा शक्ति देने के लिए दिया गया है (प्रेरितों 2:38; 5:32; रोमियों 8:11, 13, 26), यह बात कि यीशु के पास ''सात आत्माएं'' हैं, इस बात का संकेत है कि वह मसीही लोगों को सांत्वना देने के लिए तैयार और सक्षम हैं। इस घोषणा से कि उसके पास ''सात तारे'' हैं, यही संदेश दिया गया है। 1:16 के अनुसार, यीशु के पास ये तारे उसके दाहिने हाथ, सुरक्षा के उसके शक्तिशाली हाथ में हैं। इससे अपने लोगों को रखने और उनकी रक्षा करने की उसकी योग्यता का सुझाव मिलता है।[12] (दीव टों के बीच चलते हुए यीशु का दर्शन का चित्र देख।)

यीशु ने शांति के इस संदेश के साथ पत्र का आरम्भ क्यों किया, जबकि सरदीस की कलीसिया की कोई सराहना नहीं की गई? शायद वह मण्डली के ''कुछ'' लोगों को जो परीक्षाओं में विश्वासी रहे थे, प्रोत्साहित करना चाहता था (3:4)।

एक दर्दनाक उपचार (3:1ग, घ, 2क, ग)

पत्र के मुख्य भाग में उन्हीं शब्दों का इस्तेमाल हुआ, जो इफिसुस और थुआतीरा की कलीसियाओं के नाम पत्रों में थे कि ''मैं तेरे कामों को जानता हूं'' (आयत 1ग)।[13] यीशु ने फिर उन दो मण्डलियों की सराहना की थी। उसने इफिसुस के मसीही लोगों को बताया था, ''मैं तेरे काम, और परिश्रम, और तेरा धीरज जानता हूं; और यह भी कि तू बुरे लोगों को तो देख नहीं सकता; ...'' (2:2)। थुआतीरा के लोगों की उसने यह कहते हुए सराहना की थी, ''मैं तेरे कामों, और प्रेम, और विश्वास, और सेवा, और धीरज को जानता हूं, और यह भी कि तेरे पिछले काम पहिलों से बढ़कर हैं'' (2:19)।

याद रखें की सातों पत्र अलग-अलग वितरित नहीं किए गए थे। जब सात कलीसियाओं में से एक अपना पत्र सुनने के लिए इकट्ठी हुई, तो इसके लोगों ने अन्य छह पत्रों को भी सुना। इस कारण, सरदीस की कलीसिया के नाम पत्र पढ़े जाने से पहले, सरदीस के मसीहियों ने यीशु की चार अन्य मण्डलियों से प्रशंसा सुनी थी। इफिसुस और थुआतीरा की कलीसियाओं के प्रति श्रद्धांजलियों के अलावा, यीशु ने सताव के बावजूद स्मुरने की कलीसिया की और उसके नाम को पकड़े रखने के लिए परगमुम की कलीसिया की सराहना की थी, सरदीस की कलीसिया पहले बहुत प्रसिद्ध थी, जिस कारण इसके लोगों को यीशु से सबसे अधिक प्रशंसा पाने की उम्मीद होगी। इसके बजाय, उन्होंने ईश्वरीय मूल्यांकन सुना, जिससे उन सब की सांस फूल गई होगी और कुछ क्रोधित हुए होंगे। मूल शास्त्र में मूल्यांकन के लिए केवल छह शब्द दिए गए हैं, पर कठोर-चोट करने वाली भाषा की कल्पना करना कठिन होगा: ''तू जीवता तो कहलाता है, पर है मरा हुआ'' (आयत 1घ)।

मण्डली ''कहने को जीवित'' थी यानी भाइयों में इसे आत्मिक जीवन के लिए जाना जाता था।[14] यदि आप किसी रविवार ऐसी मण्डली में गए हों और प्रभावशाली आराधना देखी हो, जिसमें बड़े अच्छे ढंग से की गई प्रार्थनाएं, बढ़िया गाने, ज़बर्दस्त संदेश, गंभीरतापूर्वक प्रभु भोज का लिया जाना, अत्यधिक चंदा हो तो आप निश्चय ही कहते हुए बाहर निकले होंगे कि ''यह कलीसिया मसीह के लिए जीवित है!''

परन्तु परमेश्वर मनुष्य की तरह चेहरा नहीं देखता (1 शमूएल 16:7)। प्रभु ने उसे ''मृत'' कलीसिया घोषित कर दिया, यानी जो 1 तीमुथियुस 5:6 में वर्णित स्त्री की तरह ''जीते जी मर गई है,'' आत्मिक रूप से मरी हुई थी। ''मृत्यु'' शब्द का अर्थ ''अलगाव'' के रूप में किया जा सकता है;[15] आत्मिक मृत्यु परमेश्वर से अलगाव है (यशायाह 59:1, 2)। प्रभु के साथ सम्बन्ध सही न होने के कारण, सरदीस की कलीसिया का नाम तो था पर वास्तविक नहीं, उसमें आकार तो था पर सामर्थ नहीं।

सरदीसी मसीहियों के लिए यीशु के चौंकाने वाले मूल्यांकन को समझने के लिए, ऐसे व्यक्ति की कल्पना करें, जो हमेशा अपनी शारीरिक क्षमता पर गर्व करता है (हम उसे मिस्टर जोन्स का नाम दे देते हैं)। जवानी में, मिस्टर जोन्स अच्छा धावक था और अभी भी वह स्वास्थ्य की मूर्त दिखता है। एक दिन, वह रूटीन चैकअप के लिए डॉक्टर के पास जाता है। परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, डॉक्टर परीक्षण कक्ष में आता है, उसकी आंखें देखते हुए कहता है, ''मिस्टर जोन्स, आप तो बेजान आदमी हैं!'' वह मैडिकल परीक्षण मिस्टर जोन्स को उतना परेशान नहीं करेगा, जितना सरदीस के लोगों को यीशु के आत्मिक परीक्षण ने स्तब्ध किया था।

ये लोग पहले या अन्तिम नहीं थे जिनका ''... अपराधों और पापों के कारण मरे हुए'' (इफिसियों 2:1) का मूल्यांकन किया गया था। रविवार की एक सुबह, किसी प्रचारक ने घोषणा की कि शाम की आराधना में वह एक प्रसिद्ध सदस्य के जनाज़े पर वचन सुनाएगा। उस रात, परेशान आराधकों ने प्रार्थना भवन के सामने एक कफ़न पाया। जब प्रचारक के बोलने का समय आया, तो उसने मुर्दा व्यक्ति के लिए सामान्य शब्दों का इस्तेमाल किया। अन्त में उसने कहा, ''आप में से कुछ लोग हैरान हैं कि कौन मर गया। मैं आपको कफ़न के पास आकर देखने का निमन्त्रण देता हूं।'' पास आकर लोगों ने बॉक्स में देखा ... एक दर्पण था ... जिसमें उन्हीं के चेहरे दिखाई दे रहे थे! उस प्रचारक का, यह सुझाव देने का कि मण्डली को आत्मिक जागरण की आवश्यकता है, यह आसान ढंग था! (देखें भजन संहिता 85:6; 119:25.)

यदि आपको या मुझे यह बताया जाए कि शारीरिक मृत्यु निकट है, तो हम उस भविष्यवाणी का सबूत मांगेंगे। अगली कुछ आयतें उन चार विशेष लक्षणों का उल्लेख या संकेत देती हैं जिनसे यीशु ने यह निष्कर्ष निकाला कि सरदीस की कलीसिया का रोग घातक था:

(1) *सुस्ती।* जब कोई जो पहले फुर्तीला हो और अब सोने के अलावा कुछ और न चाहता हो, तो डॉक्टर की सलाह लेनी आवश्यक हो जाती है। यीशु ने सरदीस की

कलीसिया को सलाह दी, ''जागृत रह, ...'' (आयत 2क)।

(2) *आलस्य।* जब कोई सक्रिय व्यक्ति ढीला हो जाए, तो हमें चिंता होती है। एक समय सरदीस के मसीही लोग जोशीले होते थे, पर यीशु ने कहा, ''मैं ने तेरे किसी काम को अपने परमेश्वर के निकट[16] पूरा नहीं पाया[17]'' (आयत 2ग)। आरम्भ में उन्होंने ज़बर्दस्त काम किए थे, परन्तु अब उनकी रुचि कम हो गई थी; उन्होंने कुछ भी पूरा नहीं किया था।[18]

(3) *उदासीनता।* साफ़-सुथरा रहने वाला व्यक्ति यदि मैले कपड़े और बिखरे हुए बाल लिए सामने हो, तो हम सोचने लगते हैं कि कहीं न कहीं ज़रूर कुछ गड़बड़ है। 3:4क में यीशु ने कहा, ''पर हां, सरदीस में तेरे यहां कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने-अपने वस्त्र अशुद्ध नहीं किए,''[19] जो इस बात का संकेत है कि शेष ने कर लिए थे। यूनानी शब्द का अनुवाद ''अशुद्ध'' अचानक पड़े छींटों से लगे छोटे दाग को नहीं कहा गया, बल्कि, इस शब्द का संकेत कीचड़ और कूड़े में जाने से होने वाली अशुद्धता की तरह, गंदगी से दूषित होने के लिए है।[20] सरदीस के बहुत से मसीही लोग ''अपने मूर्तिपूजक पड़ोसियों से मिलते-जुलते जीवन बिताने लगे थे।''[21] वे ''अपने आपको संसार से निष्कलंक'' रखने की आज्ञा के प्रति उदासीन हो गए थे (याकूब 1:27)।[22]

(4) *संवेदनशीलता।* शरीर की रोधक क्षमता खराब हो जाने पर व्यक्ति रोगों के प्रति संवेदनशील हो जाता है। आत्मिक रूप में, सरदीस की कलीसिया के साथ ऐसा ही हुआ था। उस मण्डली के नाम पत्र का अध्ययन करते हुए, हम इस बात से चौंक जाते हैं कि अन्य कलीसियाओं पर आई परीक्षाओं और संकटों का कोई उल्लेख नहीं है: उन में झूठे शिक्षक नहीं थे, जिनकी वे सहते हो (2:2, 6, 14, 15, 20)। उन्हें अविश्वासी यहूदियों द्वारा सताया नहीं गया था (2:9; 3:9)। उन्हें जेल में नहीं डाला जाना था (2:10)। विश्वास के लिए कोई नहीं मरा था (2:13)। उन में शांति थी, परन्तु यह शांति कब्रिस्तान वाली शांति थी।

आराधना के लिए वे अब भी इकट्ठे होते थे, पर अब वे जोश से समाज में अपने विश्वास को नहीं बनाते थे। वे अपने मूर्तिपूजक पड़ोसियों के साथ मिलकर चैन से रहते थे। वारेन वियर्सबे ने निष्कर्ष निकाला है कि ''वे मर रही गवाही और खराब हो रही सेवकाई के साथ अच्छे लोग थे।''[23] उन्हें ''इतने अच्छे'' माना जाता होगा कि वे ''कोने में इकट्ठा होने वाला हानि रहित धार्मिक समूह'' हैं। उन्होंने पाप के साथ अनाक्रमण की संधि पर हस्ताक्षर कर दिए थे ताकि शैतान उन्हें अकेला छोड़ दे।

भावपूर्ण घोषणा (3:2क, ख, 3)

सरदीस की कलीसिया खतरनाक रूप से बीमार हो सकती है, पर प्रभु आत्मिक CPR[24] का प्रयास किए बिना उसके मृत्यु के प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करने वाला था। उसकी भावनापूर्ण अपील को सुनें: ''जागृत रह, और उन वस्तुओं को जो बाकी रह गई हैं, और जो मिटने को थीं, उन्हें दृढ़ कर''[25] (आयत 2क, ख)।

यीशु ने पहले ही उन्हें ''मृत'' घोषित कर दिया था, इसलिए ''उन वस्तुओं को जो

बाकी रह गई हैं, और मिटने को थीं, उन्हें दृढ़'' करने की चुनौती एक आश्चर्य के रूप में हो सकती है। यह कैसे हो सकता था कि वे मरे हुए हों और फिर भी मरे हुए न हों? मैं स्वस्थ दिखने वाले आदमी और संवेदनहीन चिकित्सक के उदाहरण से विस्तार देता हूं: डॉक्टर द्वारा उसे यह कहे जाने पर कि ''आप मुर्दा हैं!'' वह एक पल के लिए रुकता है और फिर ध्यान से देखता है, ''पर एक पक्का नया इलाज है।... हो सकता है शायद यह काम कर जाए।'' मेरा उदाहरण पूर्ण नहीं है, बेशक, क्योंकि सबसे बड़े चिकित्सक ने यह कभी नहीं कहा, ''*शायद* उम्मीद है।'' बल्कि वह कहता है, ''उम्मीद है–*यदि* तुम मेरी बातें मानोगे।''

सरदीस की कलीसिया के लोगों को क्या करना आवश्यक था? पहले तो, उन्हें *जागने, एहसास करने* और *समझने* के लिए कहा गया था। यीशु ने कहा, ''जागृत हो,[26] और उन वस्तुओं को जो बाकी रह गई हैं और मिटने को हैं, दृढ़ कर'' (आयत 2क)। उन्हें अपनी आत्मिक अवस्था में ''जागना'' था (देखें इफिसियों 5:14; रोमियों 13:11–14), एहसास करना था कि वे अतीत की महिमा में जी रहे थे, और अपने आत्मिक खतरे को समझना था। अतीत *से सीखना* अच्छा है, परन्तु अतीत *में जीना* खतरनाक।

दूसरा, उन्हें *याद करने, याद रखने* और *मन फिराने* के लिए कहा गया था। यीशु ने कहा, ''सो[27] चेत कर,[28] कि तू ने किस रीति से शिक्षा प्राप्त की और सुनी थी, और उस में बना रह,[29] और मन फिरा'' (आयत 3क)। वे उस प्रशंसा को याद कर रहे थे, जो उन्हें मिली थी, जबकि चाहिए था कि वे उस वचन को याद रखते, जो उन्होंने सुना था। उन्हें विश्वास की मूल बातों में वापस जाकर उन सच्चाइयों में बने रहने की आवश्यकता थी। तब, वे अपने आत्मसंतोष से मन फिराकर आवश्यक परिवर्तन कर सकते थे!

यदि वे प्रभु के निर्देशों की ओर ध्यान न देते? तो यीशु ने चेतावनी दी, ''और यदि तू जागृत न रहेगा तो मैं चोर की नाईं आ जाऊंगा और तू कदापि न जान सकेगा कि मैं किस घड़ी तुझ पर आ पड़ूंगा'' (आयत 3)।[30] जिस प्रकार फारसियों ने पहाड़ की ढलान मापकर सरदीस के लोगों को बिना तैयारी के पकड़ लिया था, वैसे ही यीशु ने आ जाना था, जब उन्हें उसके आने की उम्मीद नहीं होनी थी। यदि सरदीस की कलीसिया उसके आने के लिए तैयार न होती, तो परिणाम घातक होने थे।[31]

दृढ़ चेले (3:4)

क्योंकि यीशु ने मण्डली के रोग बता दिए थे और उपचार लिख दिया था, अब वह विजय पाने वालों के लिए प्रतिज्ञाओं के साथ पत्र बन्द कर सकता था, परन्तु बन्द करने से पहले उसने मण्डली के विशेष समूह को पहचान देनी चाही, जिसे मैं कुछ विश्वासी लोग कहता हूं: ''पर हां, सरदीस में तेरे यहां कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने–अपने वस्त्र अशुद्ध नहीं किए'' (आयत 4क)।

परमेश्वर के कुछ विश्वासी लोग हमेशा रहे हैं: अधर्म के समय, परमेश्वर के पास नूह और उसका परिवार थे। मूर्तिपूजा के समय, परमेश्वर के पास अब्राहम और उसकी संतान

थे। सदोम और अमोरा के समय, परमेश्वर के पास, ''धर्मी लूत'' (2 पतरस 2:7) था। यीशु ने कहा, ''क्योंकि सकेत है वह फाटक और कठिन है वह मार्ग, जो जीवन को पहुंचाता है और *थोड़े* हैं, जो इसे पाते हैं'' (मत्ती 7:14)। इसी प्रकार सरदीस की मण्डली में परमेश्वर के पास थोड़े विश्वासी थे।

यीशु ने प्रतिज्ञा की, ''वे श्वेत वस्त्र पहिने हुए[32] मेरे साथ घूमेंगे[33]'' (आयत 4ख)। ''श्वेत वस्त्र पहनकर'' यीशु के साथ घूमना उसकी विजय में उसके साथ भागीदार होना था। यह तस्वीर युद्ध जीतने के बाद अपने साथियों के साथ विजयी राजा के विजयी प्रवेश (देखें 2 कुरिन्थियों 2:14) की है।

यीशु ने फिर जोड़ा, ''क्योंकि वे इस योग्य हैं'' (आयत 4ग)। इस वाक्यांश का अर्थ यह नहीं है कि वे ''कुछ'' लोग सिद्ध थे, क्योंकि हम सभी पापी हैं (रोमियों 3:10, 23) और हम में से कोई भी परमेश्वर की आशिषों को पाने का अधिकारी नहीं है (देखें उत्पत्ति 32:10; लूका 17:10)।[34] बल्कि यीशु के शब्द संकट की घड़ी में इनके शानदार प्रयासों के लिए सराहना के हैं। जब चारों ओर, दूसरे मसीही भाई भी अविश्वासी हों तो विश्वासी बने रहना आसान नहीं होगा। उन कुछ विश्वासियों के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करें!

जब इस संसार के मापदण्ड भ्रष्ट होने लगते हैं और ''दुष्ट, ... और ... बिगड़ते चले'' जाते हैं (2 तीमुथियुस 3:13क), तो बहुत से लोग हाथ खड़े कर देते और छोड़ जाते हैं, परन्तु विश्वासी हमेशा चलते रहते हैं। कहीं पर विवाह का संस्थान चूर-चूर हो जाने से जब शारीरिक पाप आम हो जाए, तो बहुत से लोग तर्क देते हैं, ''पर मैं भी क्यों कोशिश करूं?'' परन्तु विश्वासी रहने वाले कुछ लोग हमेशा यही उत्तर देते हैं, ''इसलिए, क्योंकि मैं मसीही हूं।'' जब देश में उदासीनता और आत्मसंतोष हर जगह हो, तो बहुत से लोगों को चौड़े मार्ग अर्थात प्रसिद्ध मार्ग पर चलना आसान लगता है, परन्तु विश्वासी रहने वाले कुछ लोग हमेशा तंग मार्ग, एकांत मार्ग पर ही चलने के लिए समर्पित होते हैं (मत्ती 7:13, 14)। विश्वासी रहने वाले उन कुछ लोगों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें!

प्रभु की कलीसिया की मण्डलियों में भी विश्वासी रहने वाले लोग हैं, जिन्हें सभी आराधना सेवाओं में देखा जा सकता है, जो अपनी आमदनी में से अधिक से अधिक चंदा देते हैं, जो अधिक से अधिक काम करते हैं, जो उन लोगों के पास अधिक जाते हैं, जिन्होंने बपतिस्मा लिया है और जो वापस आए हैं। प्रचार करना कई बार निराशाजनक होता है, क्योंकि उन्हें लगता है कि बहुत से ऐसे लोग हैं, जो परमेश्वर के वचन को सुनते हैं पर उन पर असर नहीं होता; यदि वे उन कुछ पर ध्यान दें जो ''धर्म के भूखे और प्यासे हैं'' (मत्ती 5:6) तो अच्छा होगा। उन कुछ विश्वासियों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें!

प्रतिज्ञा से भरी घोषणा (3:5, 6)

क्या यीशु यह कह रहा था कि सरदीस के अधिकतर लोगों के लिए स्थिति निराशापूर्ण है? कदापि नहीं। यदि वे ''जागृत हो'' कर ''मन फिरा'' लेते (3:2, 3), तो उन्हें वही आशिषें मिल सकती थीं, जिनकी प्रतिज्ञा कुछ विश्वासियों को की गई थीं: ''जो जय पाए, उसे

इस प्रकार श्वेत वस्त्र पहिनाया जाएगा, और मैं उसका नाम जीवन की पुस्तक में से किसी रीति से न काटूंगा, पर उसका नाम अपने पिता और उसके स्वर्गदूतों के सामने मान लूंगा'' (आयत 5)।

जय पाने वालों को यीशु ने *आत्मिक वस्त्र* देने की प्रतिज्ञा की थी: ''जो जय पाए, उसे इस प्रकार श्वेत वस्त्र पहिनाया जाएगा'' (आयत 5क)।[35] यही वस्त्र कुछ विश्वासी रहने वाले लोगों को देने की प्रतिज्ञा दी गई थी (3:4) क्योंकि ये वस्त्र मेमने के लहू में धोए गए थे (7:14)।[36]

यीशु ने जय पाने वालों को *एक महत्वपूर्ण निरन्तरता* देने की प्रतिज्ञा दी: ''और मैं उसका नाम जीवन की पुस्तक में से किसी रीति से न काटूंगा'' (आयत 5ख)। जीवन की पुस्तक परमेश्वर के विश्वासी लोगों का खाता है (भजन संहिता 69:28; मलाकी 3:16; इब्रानियों 12:23) और पूरी बाइबल में इसका उल्लेख है। मूसा जब इस्राएलियों के लिए परमेश्वर के सामने विनती कर रहा था, तो उसने कहा था, ''तौ भी अब तू उनका पाप क्षमा कर नहीं तो अपनी लिखी हुई पुस्तक में से मेरे नाम को काट दे। यहोवा ने मूसा से कहा, जिस ने मेरे विरुद्ध पाप किया है, उसी का नाम मैं अपनी पुस्तक में से काट दूंगा'' (निर्गमन 32:32, 33)। सत्तर लोगों के प्रचार दौरे से वापस आने पर यीशु ने उनसे कहा था, ''इससे आनन्दित मत हो कि आत्मा तुम्हारे वश में हैं, परन्तु इससे आनन्दित हो कि तुम्हारे नाम स्वर्ग पर लिखे हैं'' (लूका 10:20)। फिलिप्पियों 4:3 में पौलुस ने अपने उन सहकर्मियों के विषय में लिखा ''जिनके नाम जीवन की पुस्तक में लिखे हुए हैं।'' प्रकाशितवाक्य के न्याय के बड़े दृश्य में, हम पढ़ते हैं:

> फिर मैंने छोटे बड़े सब मरे हुओं को सिंहासन के सामने खड़े हुए देखा, और पुस्तकें खोली गईं; और फिर एक और पुस्तक खोली गई, अर्थात, जीवन की पुस्तक; और जैसे उन पुस्तकों में लिखा हुआ था, कि उनके कामों के अनुसार मरे हुओं का न्याय किया गया। ... और जिस किसी का नाम जीवन की पुस्तक में लिखा हुआ न मिला वह आग की झील में डाला गया (20:12-15)।

स्वर्ग में प्रवेश कर सकने वाले केवल वही हैं ''जिनके नाम मेमने के जीवन की पुस्तक में लिखे हैं'' (21:27ख)।[37]

उद्धार होने पर (मरकुस 16:16), हमारे नाम जीवन की पुस्तक में लिखे जाते हैं। परन्तु हमें यह समझना आवश्यक है कि यदि हम प्रभु के विश्वासी नहीं बने रहते तो हमारे नाम काट डाले जाएंगे (देखें याकूब 5:19, 20)।[38]

अन्त में, यीशु ने जय पाने वालों को *एक विशेष अंगीकार* की प्रतिज्ञा दी: ''मैं उसका नाम अपने पिता और उसके स्वर्गदूतों के सामने मान लूंगा'' (आयत 5ग)। पृथ्वी पर अपनी सेवकाई के दौरान, यीशु ने यह प्रतिज्ञा दी थी:

> जो कोई मनुष्यों के सामने मुझे मान लेगा, उसे मैं भी अपने स्वर्गीय पिता के सामने मान लूंगा। पर जो कोई मनुष्यों के सामने मेरा इनकार करेगा उसका मैं भी अपने

स्वर्गीय पिता के सामने इनकार करूंगा (मत्ती 10:32, 33)।[39]

जब हम उस में अपने विश्वास का अंगीकार करते और बपतिस्मा लेते हैं तो यीशु भी हमारे नामों का अंगीकार करता है (प्रेरितों 8:37-39; रोमियों 10:9, 10), परन्तु इससे उसकी प्रतिज्ञा भंग नहीं हो जाती। शायद ही कोई ऐसा दिन हो जब हमें उसका अंगीकार या उसका इनकार करने का अवसर न मिलता हो। विशेषकर यह पहली शताब्दी के मसीहियों पर बिल्कुल खरा उतरता था, जो यीशु का अंगीकार करने और सम्राट को प्रभु मानने के दबाव में लगातार रहते थे। यीशु उन्हें बताना चाहता था कि यदि वे दृढ़तापूर्वक उसका अंगीकार करते रहें, तो वह स्वर्ग में उनके नामों का अंगीकार करता रहेगा!

''जिस के कान हों, वह सुन ले कि आत्मा कलीसियाओं से क्या कहता है'' (आयत 6)।

सारांश

हम नहीं जानते कि सरदीस के मसीही लोगों को प्रभु की ओर से डांट कैसे मिली। हमें आशा है कि उनके विवेक को छू कर उनके जीवनों को प्रभावित किया गया था। प्रमाण इस बात का सुझाव देता है कि सरदीस की कलीसिया आकार में अवश्य बढ़ी, क्योंकि इतिहास बाद के वर्षों में कलीसिया के प्रभावशाली बनने तथा ज़बर्दस्त अगुओं के बारे में बताता है। परन्तु कलीसिया और नगर दोनों की वह महिमा अब नहीं है। नगर के केवल खण्डहर ही बचे हैं,[40] परन्तु कलीसिया का कोई चिह्न नहीं है।

यद्यपि हम नहीं जानते कि पूरे सरदीस की पूरी कलीसिया का क्या हुआ, पर हम इतना जानते हैं कि कुछ विश्वासी रहने वालों का क्या हुआ। वे यीशु के साथ ''श्वेत वस्त्र पहने'' घूम रहे हैं (3:4)! इस पाठ की चुनौती ''कुछ विश्वासियों'' में से एक होने की है। फ्रैंक पैक को टैक्सस की एक छोटी मण्डली में एक रविवार प्रचार करने के लिए कहा गया। आराधना के अन्त में, उनके पास कलीसिया की एक पुरानी सदस्य आई, जिसने स्पष्टतया विरोध किया था। उसने पूछा, ''भाई पैक, क्या आपको लगता है कि हम मुर्दा हैं? पिछले रविवार जिस प्रचारक ने यहां वचन सुनाया था उसने यहां की कलीसिया को मुर्दा कहा।'' इससे पहले कि भाई पैक उत्तर देते, उस स्त्री ने अपना पांव नीचे ज़ोर से मारकर घोषणा की, ''हम मुर्दा *नहीं* हैं! जब तक मैं जीवित *हूं*, हम मुर्दा *नहीं* होंगे!'' मैं नहीं कह सकता कि उस समय उस मण्डली की आत्मिक स्थिति क्या थी, पर कम से कम वहां *एक* सदस्य ऐसा था, जिसमें जीवन की चिंगारी बुझी नहीं थी। मुझे नहीं मालूम कि जिस मण्डली में आप काम करते और आराधना करते हैं, वह जीवित है या मरी हुई, परन्तु निश्चय जानें कि आप प्रभु की सेवा में जीवित रहेंगे। अपने वस्त्रों को साफ़ रखें ताकि एक दिन आप श्वेत वस्त्र पहनकर यीशु के साथ घूम सकें![41]

सिखाने वालों तथा प्रचारकों के लिए नोट्स

इस पत्र के लिए प्रवचनों के शीर्षकों में आमतौर पर मण्डली के मुर्दा होने पर ज़ोर दिया जाता है जैसे ''कब्रिस्तान में कलीसिया,'' ''कब्रों के इलाके में कलीसिया,'' ''गिरजे की लाट वाला मुर्दाघर,'' ''मुर्दा या जिन्दा,'' ''मुरझाई हुई कलीसिया,'' ''ज़िन्दा मुर्दों की कलीसिया।'' और शीर्षक हैं, जिनमें उन कुछेक लोगों पर ज़ोर दिया जाता है, जिन्होंने अपने वस्त्र दूषित नहीं किए थे: ''कुछेक विश्वासियों वाली विश्वासरहित कलीसिया,'' ''कुछेक, घमण्डी और वह जो मज़बूत करता है,'' ''कुछेक ईमानदार रहने वाले लोगों में शामिल हों,'' ''कुछेक ईमानदारों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें!'' और शीर्षक हो सकते हैं: ''पिछली शान और वर्तमान गिरावट'' और ''चोर की तरह।''

वेयन किल्पैट्रिक ने मुर्दा और मर रही कलीसियाओं पर प्रचार करने के लिए सरदीस की कलीसिया के नाम पत्र का इस्तेमाल किया। ''मुर्दा कलीसिया की शव परीक्षा'' पर उनका पाठ *द प्रीचर'स पीरियोडिकल* (अब *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* [अंग्रेज़ी]) के जून 1984 अंक में पृष्ठ 19 से 31 मिल जाएगा।

टिप्पणियां

[1]सरदीस थुआतीरा के दक्षिण-दक्षिण पूर्व स्थित में था। ''आसिया की सात कलीसियाएं और पतमुस टापू'' मानचित्र देखें। [2]दूसरा लौदीकिया की कलीसिया है। [3]हमें नहीं मालूम कि सरदीस की कलीसिया कब बनी थी। सम्भवतया यह पौलुस के इफिसुस में काम करने के समय आरम्भ हुई (प्रेरितों 19:1, 8-10)। आयत 3 से संकेत मिल सकता है कि सुसमाचार सरदीस में अदभुत ढंग से आया था। [4]क्रोसस जिसकी मृत्यु 546 ई.पू. में हुई, लुस्त्रा का अन्तिम राजा था। [5]''क्रोसस की तरह समृद्ध'' आज भी इस्तेमाल होता है। [6]पूरे तौल की गारन्टी वाली सरकारी मुहर से *मानकृत* सिक्के जारी करने वा ला सरदीस पहला नगर था। [7]झूठा साबित होने से अपने आप को बचाने के लिए मूर्ति पूजकों द्वारा मान्यताओं में अपनी कथित ''प्रेरित'' घोषणाओं में जान बूझ कर अस्पष्टता रखी जाती थी। [8]लगभग सौ साल बाद फिर यही हुआ। [9]विलियम बार्कले, *लैटर्स टू द सैवन चर्चस* (फिलाडेल्फिया: वैस्टमिंस्टर प्रैस, 1957), 84. [10]इफिसुस की कलीसिया के नाम पत्र में यीशु ने भी अपना परिचय उसके रूप में कराया जिसके पास सात तारे हैं, परन्तु उसने इसे बेचैन करने वाली सच्चाई के साथ जोड़ा कि वह कलीसियाओं की जांच करते हुए उनके बीच में घूमता है (2:1)। 3:1 का पूरा विवरण उत्साहवर्धक है।

[11]*ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' में 1:4 पर टिप्पणियां देखें। [12]*ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' में 1:16 पर टिप्पणियां देखें। [13]फिलाडेल्फिया और लौदीकिया की कलीसियाओं के नाम पत्रों में यीशु ने ये शब्द दोहराए (3:8, 15)। [14]किसी ने कहा है कि *महत्व या प्रतिष्ठा* आपके विषय में लोगों का विचार है, जबकि *स्वभाव* वह है जो वास्तव में आप हैं। [15]शारीरिक मृत्यु देह से आत्मा का अलग होना है (देखें याकूब 2:26)। [16]KJV में "perfect" है। यूनानी शब्द का अर्थ ''सिद्ध होना'' या ''पूर्ण'' है। [17]''अपने परमेश्वर'' यीशु द्वारा बोला गया वाक्यांश केवल प्रेरित यूहन्ना के लेखों में मिलता है, जो इस बात का प्रमाण है कि प्रकाशितवाक्य लिखने के लिए वह केवल लिखने वाला था। [18]आरम्भ किए जाने वाले काम को पूरा करने की यह मुख्य बात है। संसार के कुछ भागों में आपको शब्दों का यह खेल इस्तेमाल करना पड़ सकता है, जैसे उन्होंने आरम्भ तो किया, परन्तु खत्म न कर पाए। [19]''वस्त्र'' यहां उनके

जीवनों के लिए कहा गया है। पूरी बाइबल में ऐसे अलंकार मिल जाते हैं (जैसे गलातियों 3:27; इफिसियों 4:22, 24; प्रकाशितवाक्य 7:9में)।[20]KJV में "defiled" है, जो ''अशुद्ध'' से अधिक मज़बूत और अनुवादित शब्द की यूनानी परिभाषा से अधिक मेल खाता लगता है। सरदीस नगर अनैतिकता के कारण बदनाम था; यहां तक कि मूर्तिपूजक लेखकों में भी।

[21]जे.डब्ल्यू.रॉबर्ट्स, द *रैवलेशन टू जॉन (द अपोकलिप्स),* द लिविंग वर्ड कमैंट्री सीरीज़ (ऑस्टिन, टैक्सस: स्वीट पब्लिशिंग कं.,1974); 47. [22]देखें यहूदा 23. [23]वारेन डब्ल्यू वियर्सबे, द *बाइबल एक्सपोज़िशन कमैंट्री,* अंक 2 (व्हीटन, इलिनोइस: विक्टर बुक्स, 1989), 577. [24]"CPR" से भाव सांस बन्द होने से हृदय के काम न करने वाले व्यक्ति को दिया जाने वाला बनावटी प्राथमिक उपचार "Cardiopulmonary resusciation" है, जिससे उसे मशीनों से सांस देकर जीवित रखा जाता है। CPR के उसी समय दिए जाने से हृदय गति रुक जाने वालों में से बीस से पचास प्रतिशत लोगों को बचाया जा सकता है।[25]''वस्तुओं को, जो बाकी रह गई हैं'' मण्डली में अभी भी जीवित पाई जाने वाली *किसी भी बात* के संदर्भ में कहा गया हो सकती है, जैसे उनके मनों में रही आत्मिक जीवन की कोई भी चिंगारी, सच्चाई का उनका ज्ञान, और मण्डली के विश्वासी रहने वाले लोग, जो दूसरों को प्रोत्साहित कर सकते थे।[26]यूनानी शब्द का अनुवाद ''जागृत हो'' वर्तमान काल में है, निरन्तर क्रिया का संकेत देता है: उन्हें केवल जागना ही नहीं, बल्कि चौकस रहना भी आवश्यक था। किसी ने कहा है, ''स्वतन्त्रता का दाम अनन्तकालिक चौकसी है।'' [27]यूनानी शब्द जिसका अनुवाद ''चेत कर'' है, का अर्थ केवल याद करना ही नहीं, बल्कि याद रखना है। [28]इस आयत की तुलना 2:5 से करें। सरदीस और इफिसुस की कलीसियाओं के नाम पत्रों में कई समानताएं हैं।[29]अनुवादित शब्द ''बना रह'' का यूनानी शब्द यह ज़ोर देते हुए कि उन्हें उन बातों में *बने रहने* की आवश्यकता थी, वर्तमानकाल में भी है।[30]कहीं और, चोर के बिन बताए आने का उदाहरण इस बात पर ज़ोर देने के लिए दिया गया है कि *द्वितीय आगमन* का समय कोई नहीं जानता (मत्ती 24:42-44; लूका 12:39, 40; 1 थिस्सलुनीकियों 5:2, 4; 2 पतरस 3:10)। प्रकाशितवाक्य 3:3 में ''यह स्पष्टतया पश्चाताप न करने वाले पापियों पर न्याय का सीमित आना है'' (लियोन मौरिस, *रैवलेशन* संशो.संस्क. द टिंडेल न्यू टैस्टामेंट कमैंट्रीज़ [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी.ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1987] 76)।

[31]पिछले पत्रों में, यीशु ने बताया था कि आकर वह क्या करेगा (2:5, 16)। पश्चाताप न करने वाले सरदीस को उसने खोलकर नहीं बताया, ''परन्तु अपरिभाषित छोड़े जाने के कारण उनका भविष्य खतरे में ही था'' (मौरिस, 76)। [32]श्वेत को शुद्धता, आनन्द और विजय से जोड़ा जाता है, कुछ विश्वासी पहले ही शुद्ध थे, जिस कारण मैंने विजयी प्रवेश के उदाहरण में आनन्द और विजय के विचारों को मिला दिया है। [33]किसी के साथ घूमना उसके साथ संगीत, सहभागिता और मिलने का संकेत है।[34]परमेश्वर का वचन मनुष्य को विशेष योग्यताएं प्रदान करता है, जो कभी सम्पूर्ण नहीं होती, परन्तु प्रासंगिक अवश्य होती है (जेम्स एम.टौलि, द *सैवन चर्चस ऑफ़ एशिया* [पासाडेना, टैक्सस: हाऊन पब्लिशिंग कं.,1968], 62)। इस बात के प्रमाण के लिए कि टौलि सही था, देखें प्रकाशितवाक्य 5:2-4: वास्तव में सृष्टि में से कोई भी ''योग्य'' नहीं था। [35]सरदीस भड़कीले वस्त्रों के लिए प्रसिद्ध था। ऊन रंगने की कला उसी नगर से आरम्भ हुई हो सकती है। [36]''तूफ़ान से ऊपर उठना'' पाठ में 7:14 पर नोट्स देखें। [37]देखें प्रकाशितवाक्य 13:8; 17:8. [38]विश्वास के त्याग पर यह ज़बर्दस्त पद है, कैल्विन की शिक्षा को मान लेने वालों को इस पद से आपत्ति है। [39]देखें लूका 12:8, 9. [40]एक प्राचीन सिनागोग (आराधनालय), व्यायामशाला और मन्दिर सहित निचले नगर के प्रभावशाली खण्डहर मिले हैं।

[41]सुनने वालों को आत्मिक सामान लेने की चुनौती के लिए यह आदर्श पाठ है। यदि उन्हें लगे कि यीशु का पूरी मण्डली पर दोष लगाना (3:1) उन पर लागू होता है, उन्हें यीशु की बातें मानने को प्रोत्साहित करें (3:2, 3)। *सब* को विजयी होने की चुनौती दें (3:5)।

विचार एवं चर्चा के लिए प्रश्न

1. किन दो कलीसियाओं की कोई सराहना नहीं हुई?
2. सरदीस की कलीसिया में सरदीस नगर की कौन सी तीन विशेषताएं थीं?
3. ''सात आत्माएं'' क्या (या कौन) हैं?
4. यीशु के यह कहने का क्या अर्थ था कि सरदीस की कलीसिया ''जीवित तो कहलाती'' है?
5. वे ''मरे हुए'' किस अर्थ में थे?
6. पाठ में, उनकी आत्मिक स्थिति के चार लक्षण दिए गए हैं, उनके नाम बताएं।
7. ''मैंने तेरे किसी काम को पूरा नहीं पाया है'' का क्या अर्थ है? जहां आप आराधना करते हैं, उस मण्डली द्वारा आरम्भ किए गए किसी काम को पूरा न करने की बात आप सोच सकते हैं? क्या ऐसा हुआ है कि आपने कोई काम आरम्भ किया हो पर उसे पूरा नहीं किया?
8. आपको यों लगता है कि इस पाठ में सताव का कोई उल्लेख नहीं है?
9. फिर से जागृत होने के लिए कलीसिया को क्या करना आवश्यक था?
10. ''वस्त्र अशुद्ध'' होने की बात कहने से यीशु का क्या अर्थ था? क्या एक मसीही व्यक्ति का जीवन संसार से अलग होना चाहिए?
11. क्या उस मण्डली में जहां आप आराधना करते हैं ''कुछ विश्वासी'' लोग हैं? क्या आप उन लोगों में से एक हैं?
12. यीशु ने अपनी निष्क्रियता तथा आत्मसंतोष पर जय पाने वालों को क्या प्रतिज्ञा दी?
13. ''जीवन की पुस्तक'' क्या है? जीवन की पुस्तक में आपका नाम होना कितना आवश्यक है? उस पुस्तक में नाम लिखाने के लिए आपको क्या करना आवश्यक है? वहां नाम लिखे रहने के लिए आपको क्या करना आवश्यक है?

दीवटों के बीच चलते हुए यीशु का दर्शन (1:12-16)